भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 4925

दिनांक 23 जुलाई, 2019 के लिए प्रश्न

विषय: उत्तर पूर्वी भारत में दूध की मांग और आपूर्ति
4925. श्रीमती क्वीन ओझाः

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार ने असम सहित देश के उत्तर पूर्वी राज्यों में दूध की मांग और आपूर्ति के संबंध में कोई आकलन किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) असम सहित उत्तर पूर्वी राज्यों में डेयरी कृषि को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के नाम क्या हैं?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री

(डॉ. संजीव कुमार बालियान)

(क) पशुपालन तथा डेयरी विभाग ने असम सहित देश के पूर्वोत्तर राज्यों में दूध की मांग और आपूर्ति के संबंध में कोई आकलन नहीं किया है। तथापि, पूर्वोत्तर राज्यों सहित देश में दूध तथा दूध उत्पादों की वर्तमान तथा भावी मांग संबंधी एक अध्ययन राष्ट्रीय डेयरी योजना-I के अंतर्गत राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा प्रारंभ किया गया है।

(ख) उपर्युक्त (क) पर दिए गए उत्तर को देखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता।

(ग) पशुपालन और डेयरी विभाग असम सहित पूर्वोत्तर राज्यों में डेयरी व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए ''डेयरी उद्यमशीलता विकास योजना'' को कार्यान्वित कर रहा है।

*****